कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 11/2024 **दिनांक 25/11/2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 24.11.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना नोनहरा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 198/2024 धारा 115(2)/64(1) बीएनएस व 3(1)द, 3(2)(V) SC/ST एक्ट से संबंधित*वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24.11.2024 को थानाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र कुमार सोनकर मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 198/2024 धारा 115(2)/64(1) बीएनएस व 3(1)द, 3(2)(V) SC/ST एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर महमूदपुर तिराहा स्थित मोबाइल की दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

1 .जयराम राजभर पुत्र विन्ध्याचल राजभर निवासी ग्राम महमूदपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

1 .मु0अ0सं0 198/2024 धारा 115(2)/64(1) बीएनएस व 3(1)द, 3(2)(V) SC/ST Act थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर।

02. श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 24.11.2024 को परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस लाइन गाजीपुर में पति-पत्नी के विवाद से सम्बन्धित कुल 21 प्रकरण को सुना गया, जिसमें काफी समय से विवादित चल रहे 04 प्रकरण में दोनो पक्षो को बैठाकर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भुलाकर विदाई करायी गयी। *03 प्रकरण में मध्यस्ता विफल होने के कारण विधिक कार्यवाही का सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई। 10 पारिवारिक विवाद में कुशलता प्रकट होने के बाद पत्रावली बंद कर दी गई। शेष 04 परिवारिक विवाद में मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई इन सभी प्रकरण के निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र, वीरेंद्र नाथ, राम सोनिया सिंह, सरिता गुप्ता, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी शशि सिंह, महिला मुख्य आरक्षी सुनीता गिरि, महिला आरक्षी रागिनी चौबे, महिला आरक्षी रोली सिंह, महिला होमगार्ड विमला, उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर